



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 14 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 170 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








## भारत का एलपीजी से लदा दूसरा जहाज 'नंदादेवी' सकुशल होर्मुज स्ट्रेट से निकला

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईरान ने भारतीय झंडे वाले टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रास्ता दिया है। भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर 'शिवालिक' ने सफलतापूर्वक इस स्ट्रेट को पार कर लिया है और अब दूसरा एलपीजी जहाज 'नंदा देवी' भी इस अहम तेल मार्ग से सुरक्षित बाहर निकल गया है। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 'शिवालिक' को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है। उम्मीद है कि यह जहाज अगले दो दिनों के भीतर किसी भारतीय बंदरगाह पर पहुंच जाएगा और इसका संभावित गंतव्य मुंबई या कांडला हो सकता है। यह जहाज अब खुले समुद्र में पहुंच चुका है और भारतीय नौसेना के मार्गदर्शन में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बीच 'नंदा देवी' 46,000 मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) ले जा रही है, जो भारत की एनर्जी सप्लाई चेन के लिए बहुत जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों जहाजों को नेवल एसेट्स से करीब से गाइड किया जा रहा है ताकि स्ट्रेटेजिक रूप से संवेदनशील पानी से सुरक्षित ट्रांजिट पक्का किया जा सके।

## कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले बवाल, समर्थकों की गाड़ी पर पथराव

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिगेड रैली से पहले जमकर बवाल हुआ है। गिरीश पार्क इलाका रणक्षेत्र बन गया। आरोप है कि मोदी की ब्रिगेड रैली में जा रही भाजपा समर्थकों की गाड़ियों पर पुलिस की मौजूदगी में कथित तौर पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों द्वारा ईट पत्थर बरसाए गए, जिसमें कई समर्थक लहूलुहान हो गए। कई वाहनों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। तोड़फोड़ में कई बसों के शीशे टूट गए। भाजपा ने तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। इलाके में भारी तनाव का माहौल है। हमले के बाद बीच बचाव में कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस को स्थिति को काबू में करने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया बल (आरएएफ) को उतारना पड़ा। इधर, रैली से पहले ब्रिगेड मैदान के आसपास की सड़कों पर लगाए गए पीएम के कई कटआउट के तोड़ने की घटना सामने आई है।

# सोनम वांगचुंग होंगे रिहा

## सरकार ने हटाया एनएसए, जोधपुर जेल से होगी रिहाई

● लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिए सुनवाई के दो दिन पहले लिया गया फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्र ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट NSA हटा दिया। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने NSA एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है। सरकार ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की याचिका पर अंतिम सुनवाई 17 मार्च के दो दिन पहले लिया। कोर्ट सुनवाई के दौरान वे वीडियो और फोटो देखेगा, जिनके आधार पर सरकार ने उन पर NSA लगाया था। जोधपुर सेंट्रल जेल अधीक्षक प्रदीप लखावत ने बताया, 'उन्हें भी प्रेस नोट के जरिए ही इसकी सूचना मिली है। अभी तक किसी तरह का कोई ऑर्डर नहीं मिला है। ऑर्डर आने के बाद जेल नियम के हिसाब से आगे की कार्यवाही की जाएगी।' दरअसल, सोनम के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में हैं। अब उनकी रिहाई होगी। NSA सरकार को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है, जिनसे देश की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा हो। इसके तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने तक नजरबंद रखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने कहा कि यह फैसला लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। लद्दाख में विभिन्न समुदायों और नेताओं के साथ लगातार बातचीत की जा रही है। हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों का असर छात्रों, नौकरी चाहने वालों, व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था। लद्दाख के लिए ईमानदार संवाद आवश्यक है।

## कपड़े फाड़ने के अलावा कुछ बचा नहीं है

● असम में मोदी का कांग्रेस पर तंज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में शिलांग-सिलचर कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आपने असम से कांग्रेस को बाहर कर दिया है। आज देश का हर राज्य कांग्रेस को सबक सिखा रहा है।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हार रही है। आने वाले समय में, कांग्रेस हार की सेंचुरी लगाने वाली है। हार की हताशा में, कांग्रेस ने खुद देश के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। 'प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने AI समिट के दौरान भारत मंडपम में कांग्रेस के सदस्यों के शर्टलेस होकर किए गए विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, 'AI समिट को बदनाम करने की कोशिश में कांग्रेस ने एक अजीबोगरीब विरोध प्रदर्शन किया, सार्वजनिक रूप से अपने ही कपड़े फाड़ दिए' 'ऐसा लगता है कि अब कांग्रेस के पास हताशा में अपने ही कपड़े फाड़ने के अलावा और कुछ करने को नहीं बचा है।' पीएम मोदी ने असम के युवाओं के बारे में बात करते हुए कहा, 'कांग्रेस ने असम को बांटो और राज करो की नीति की प्रयोगशाला बना दिया था।

## उत्तरी कोरिया ने दागी दस से ज्यादा मिसाइलें

● अब एशिया में मंडराये युद्ध के बादल
● टेंशन में जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका



**नई दिल्ली।** एशिया प्रशांत क्षेत्र में एक बार फिर सैन्य तनाव बढ़ गया है। उत्तर कोरिया ने आज पूर्व दिशा की ओर कई अज्ञात मिसाइल दागे, जिससे दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका सहित पूरे क्षेत्र में सुरक्षा चिंताएं बढ़ गयी हैं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय और संयुक्त सेनाध्यक्षों ने पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने राजधानी क्षेत्र के सुनान इलाके से लगभग दस अज्ञात मिसाइल पूर्वी सागर की ओर छोड़े। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं तथा क्षेत्र में कूटनीतिक हलचल भी तेज हो गयी है। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार यह मिसाइल लगभग दोप्हर एक बजकर बीस मिनट के आसपास छोड़े गये। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इनमें से कम से कम एक मिसाइल संभवतः दूरमार्ग मिसाइल की श्रेणी का था। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उत्तरी कोरिया से छोड़ा गया यह मिसाइल संभवतः समुद्र में गिर चुका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरा है, जिससे किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जापान की सरकार ने इस घटना के बाद तुरंत आपात प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय कर दिया। प्रधानमंत्री साने ताकाइची के कार्यालय ने सुरक्षा एजेंसियों को विमान, जहाज और अन्य सैन्य संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# खार्ग द्वीप पर अमेरिका ने की बमबारी

## ईरान के सभी सैन्य ठिकानों को किया तबाह, तेल के बुनियादी ढांचे को छोड़ दिया




● यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब एक निर्णायक और विनाशकारी मोड़ पर पहुँच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को बमबारी कर पूरी तरह नष्ट कर दिया है। खार्ग द्वीप ईरान के तेल निर्यात का मुख्य केंद्र है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि सैन्य ठिकानों के बाद अब द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाया जा सकता है। इस हमले का सीधा उद्देश्य ईरान की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ना है। ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। ट्रंप के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने जानबूझकर द्वीप के तेल ढांचे को निशाना नहीं बनाया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर न पड़े।

## ईरान ने किया अमेरिकी एयरबेस पर अटैक, दूतावास पर साधा निशाना


● कई विमानों सहित हेलीपैड को किया नष्ट



**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 15वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के पास मौजूद फुटेज में शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

### आत्मघाती ड्रोन्स से होर्मुज ब्लॉक करने की तैयारी

तेहरान। ईरान की सेना ने अपने आत्मघाती ड्रोन्स के बेड़े की झलक दिखाई, जिनके दम पर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना बना रहा है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक भूमिगत परिसर के अंदर फिल्माए गए फुटेज जारी किए। इस भूमिगत परिसर को ईरानी अधिकारी मिसाइल शहर बता रहे हैं। ईरान के कामीकेज ड्रोन्स, जिन्हें आत्मघाती ड्रोन्स या शाहेद ड्रोन्स भी कहा जाता है। ये ड्रोन 2000 किलोमीटर दूरी तक विस्फोटक ले जाने में सक्षम हैं। एक ड्रोन आसानी से 40-50 किलो विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन 180-200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 14 मार्च, शनिवार, 2026 (3)





प्रत्येक शनिवार की तरह आज भी संकल्प अन्न क्षेत्र द्वारा श्रद्धालुओं व राहगीरों में प्रसाद रूपी खिचड़ी का वितरण किया गया।

जनमुख डेस्क

# कड़ी सुरक्षा में दारोगा भर्ती परीक्षा

## 'परिंदा भी पर न मार सके' जैसी निगरानी, हर बिंदु पर चौकसी



वाराणसी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आज वाराणसी के 46 केंद्रों पर कराई जा रही है। सब इंस्पेक्टर पद की

● 1356 पुलिस वालों की लगायी गयी ड्यूटी

● जूता, मोजा, कलावा, चूड़ी, टॉप्स, चेन, रुद्राक्ष उतारने के बाद ही दिया गया प्रवेश

इस परीक्षा के लिए वाराणसी में कुल 77,764 परीक्षार्थी दो दिन में चार पालियों में परीक्षा में शमिल होंगे। पहली पाली में शनिवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा में 46 केंद्रों पर कुल 19,440 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। परीक्षा के लिए सुबह 8 बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगे थे। जहां जूता, मोजा, कलावा, चूड़ी, कान का टॉप्स, गले की चेन, रुद्राक्ष उतारने के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश दिया गया। परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए 1356 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ 'परिंदा भी पर न मार सके' वाली निगरानी रखी गयी थी। प्रशासन की ओर से नकल रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कथित रूप से चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था बनायी गयी। इस दौरान अभ्यर्थियों की सुविधाओं को भी ध्यान में रखा गया। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा 168 बसों का संचालन किया गया ताकि परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बताया गया कि परीक्षा में 200 अंकों के कुल 160 प्रश्न पूछे गए। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने और नियमों का पालन करने जोर दिया। एडीसीपी डा. ईशान सोनी ने बताया कि परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इन्तजामात किए गए जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न होने में किसी तरह का कोई संशय नहीं है।

## युद्ध रोकने के लिए बाबा से प्रार्थना, गंगा की आरती



वाराणसी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर शनिवार को नमामि गंगे ने वैश्विक शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। ईरान और इजराइल के बीच हो रहे युद्ध को रोकने के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ और मां गंगा की आरती उतारक शांति की अर्जी लगाई। नमामि गंगे द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के स्वयंसेवी सदस्यों एवं आमजन ने हाथ जोड़कर प्रभु से दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने और निर्दोष लोगों की रक्षा करने की प्रार्थना की। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने हमने गंगा द्वार से गुहार लगाई है कि हे प्रभु, समस्त विश्व में, प्रकृति

## व्यापारी नेता के निधन पर आयुष मंत्री ने जताया शोक



● कहा-रिक्त स्थान की भरपाई कभी न हो पाएगी

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। वाराणसी शहर दक्षिण के कबीरचौरा निवासी एवं महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा के निधन पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। आयुष मंत्री ने कहा कि व्यापारी नेता प्रेम मिश्रा के निधन का अत्यंत दुःखद और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। खाद्य व्यापार मंडल के युवा प्रभारी गौरव राठी ने भी स्वर्गीय प्रेम मिश्रा के निधन पर शोक जताते हुए उनके परिवारजनों के लिए ईश्वर से कामना की।

## खाद्य व्यापार मंडल ने जताया शोक

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा के असामयिक निधन से व्यापारी वर्ग मर्माहत है। स्वर्गीय मिश्र व्यापारियों के सुख दुःख में सदैव साथ देते थे। व्यापारियों की आवाज को बुलंद करने वाले स्वर्गीय प्रेम मिश्रा का यूँ अचानक चले जाना अत्यंत दुःखद है। उक्त बातें खाद्य व्यापार मंडल वाराणसी के अध्यक्ष नवरतन राठी ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि व्यापारी नेता प्रेम मिश्रा का निधन हम व्यापारियों के लिए अपूरणीय क्षति है। व्यापार मंडल की ओर से हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## संकल्प अन्न क्षेत्र में प्रसाद वितरण

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा संचालित संकल्प अन्न क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को चौक क्षेत्र में खिचड़ी प्रसाद वितरण का सेवा कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमानजी को विधिवत भोग अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ के सामने भक्तिभाव के साथ खिचड़ी प्रसाद का वितरण प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में अनुज केसरी, आलोक जैन एवं मृदुला अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अनिल कुमार जैन, गिरधर दास अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, प्रमोद, भईया लाल, मनीष आदि उपस्थित रहे।

## बीएचयू की महिला डाक्टर ने की खुदकुशी की कोशिश

● 100 से ज्यादा इंसुलिन का इंजेक्शन लगाया हालत गंभीर



वाराणसी। वाराणसी में IMS-BHU की जूनियर डॉक्टर ने सुसाइड की कोशिश की है। बताया गया कि डॉ. सत्या ने करीब 100 से अधिक इंसुलिन के इंजेक्शन लगा लिए। साथी दोस्तों ने बीएचयू के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। यहां गंभीर हालत में वेंटिलेंटर पर रखा गया है। डॉक्टरों की मानें तो उनकी किडनी पर असर हुआ है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले उनकी सीनियर रेजिडेंट से किसी बात को लेकर नोक-झोक हुई थी और तभी से वो डिप्रेशन में थीं। बिहार की रहने वाली डॉ. सत्या (25) IMS-BHU के सर्जरी विभाग में जूनियर डॉक्टर हैं। वह सामने घाट में ट्रामा सेंटर के पीछे किराये पर रहती हैं। बीएचयू में डॉक्टरों ने देखने के बाद सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के आईसीयू में एडमिट कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## जलकर : 31 मार्च तक ही छूट उसके बाद कुर्की

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। नगर निगम की ओर से जलकर पर सरचार्ज माफी की अवधि आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रही है। नगर निगम इसके बाद सरचार्ज सहित वसूली के लिए कुर्की तक की विधिक कार्रवाई करेगा। सरचार्ज में छूट का असर शहर में व्यापक स्तर पर देखने को मिला है। पिछले 53 दिनों 19 जनवरी से 12 मार्च के भीतर 21,823 भवन स्वामियों ने सक्रियता दिखाते हुए करीब 29 करोड़ रुपये का गृहकर व जलकर जमा किया है। 15 मार्च (रविवार) को अवकाश होने के बावजूद टैक्स विभाग खुले रहेंगे। भवन स्वामी घर बैठे क्यूआर कोड या नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट www.nnvns.org.in के माध्यम से भी भुगतान कर सकते हैं। निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद अगले वित्तीय वर्ष में पिछले सभी ब्याज जोड़ दिए जाएंगे और डिफाल्टरों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## मंडलीय जिला अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य शिविर



● विधायक ने किया उद्घाटन

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय के सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सूजाबाद, पड़ाव वाराणसी पर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक डॉ सुनील कुमार पटेल मुख्य अतिथि, डॉ पियूष राय, डॉ मुकुंद श्रीवास्तव, और क्षेत्रीय पार्षद, ग्राम प्रधान, NYK प्रतिनिधि डॉ नन्द किशोर, नेशनल कॉउंसलर डॉ रविंद्र सहाय व बड़ी संख्या में स्थानीय जनता व प्रतिभागी उपस्थित रहे। शिविर 375 लोंगो का पंजीकरण करके 369 लोंगो को चिकित्सकीय परामर्श एवं सहायता डॉ संजीव कुमार सिंह के द्वारा उपलब्ध कराई गई। साथ ही सभी पंजीकृत मरीजों को परामर्शदाता मनीषा राय, मनीष कुमार सोनकर, बच्चालाल यादव मानसिक स्वस्थ परामर्शदाता इरा त्रिपाठी, अजय कुमार श्रीवास्तव (नशा मुक्ति केंद्र) शुभम श्रीवास्तव द्वारा परामर्श एवम टी बी स्क्रीनिंग के उपरांत चिकित्सकीय जाँच, 225 लोगो का रक्त परीक्षण संजय सिंह (LT) द्वारा की गई त्तपश्चात जरूरतमंद को जितेंद्र कुमार (फार्मासिस्ट द्वारा ) दवा उपलब्ध कराई गई।

## खुश्बू किन्नर ने ही कराया था अपने घर में धमाका!

चंदौली। बलुआ पुलिस ने पिछले दिनों मोहरगंज में खुश्बू किन्नर के घर हुए बम विस्फोट के मामले में शुक्रवार को खुश्बू को ही गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि रंगदारी न मिलने पर खुश्बू किन्नर ने विस्फोट की साजिश रची थी और कुछ लोगों को आरोपी बनाया था। इसके पूर्व खुश्बू किन्नर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को कड़े इंतजाम करने पड़े। मोहरगंज पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित खुशबू किन्नर का तीन मंजिला मकान में बीते 21 दिसंबर 2025 की रात कुछ लोगों ने बम विस्फोट कर दिया था। घटना के समय मकान में सो रहे 12 से अधिक लोग दहशत में आ गए।

## 'एसआईआर की वैधानिक उपादेयता' विषय पर विचार गोष्ठी



वाराणसी (जनमुख डेस्क)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह अध्यक्षता में सांविधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शाखा विधान परिषद, लखनऊ की ओर से 'एसआईआर की वैधानिक उपादेयता' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। तत्पश्चात् इस जवलंत एवं समीचीन विषय पर सभापति ने अपना मंतव्य स्पष्ट करने से पूर्व इस संस्थान के सम्मानित सदस्य अशोक कुमार चौधरी, अविनाश प्रताप सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि (एसआईआर) 'विशेष गहन पुनरीक्षण' लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता, सुदृढता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं मतदाता सूचियो की सुचिता बनाए रखने तथा संवैधानिक संतुलन बनाए रखने का प्रयास करता है। सभापति ने अपने वक्तव्य में इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि सच्ची चुनावी निष्पक्षता पारदर्शी समावेशित और जन विश्वास में निहित है। जो भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का सार है।




## बीएचयू दक्षिणी परिसर एनएसएस ने लगाया सात दिवसीय विशेष शिविर

● कार्यशाला का भी किया आयोजन



वाराणसी (जनमुख डेस्क)। बी.एच.यू. दक्षिण परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संख्या 011(अ) तथा 011(बी) द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीता सिंह तथा डॉ. त्रिभुवन नाथ के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अटारी तथा बरकछा खुर्द में किया गया। शिविर के प्रथम दिवस, स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण युवाओं के साथ ग्रामीण उद्यमिता विकास की आवश्यकता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिभुवन नाथ द्वारा ग्रामीण समस्याओं के समाधान में उद्यमिता विकास के योगदान की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीता सिंह ने उद्यमिता विकास हेतु कौशल विकास की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीण युवाओं के साथ मिलकर उनकी प्रमुख समस्याओं तथा संभावित समाधानों पर पोस्टर प्रस्तुति द्वारा प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी गयी।

## 15 जनपदों के 51 केंद्रों पर होगा बोर्ड परीक्षा के कापियों का मूल्यांकन

वाराणसी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं खत्म होने के बाद अब 18 मार्च से कापियों का मूल्यांकन कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। वाराणसी स्थित क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय ने अपने 15 जनपदों में मूल्यांकन के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। क्षेत्रीय कार्यालय के सभी जनपदों में 55 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इसमें जौनपुर व गाजीपुर में 5-5 मूल्यांकन केंद्रों पर कापियां जांची जाएंगी बाकी जनपदों में तीन तो कहीं चार केंद्र हैं।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### अकीदत के साथ अदा की अलविदा जुमे की नमाज, अमन-चैन के लिए उठे हाथ



**जौनपुर।** रमजान के पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमे के मौके पर जिले में विशेष उत्साह और अकदीत का माहौल देखा गया। जिले की जामा मस्जिदों सहित तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर खुदा की इबादत की और मुल्क व दुनिया में शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। करंजा खुर्द स्थित जामा मस्जिद में इमाम-ए-जुमा मौलाना सलमान साहब ने नमाज अदा कराई। नमाज से पूर्व खुत्बे में उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें गरीबों की मदद और आपसी मोहब्बत का पाठ पढ़ाता है। वहीं, शिया जामा मस्जिद नवाब बाग में परंपरागत तरीके से नमाज अदा की गई, जिसका नेतृत्व जामिया इमानिया नासरिया के प्रिंसिपल ने किया। मस्जिद के मुतवली शेख अली मंजर डेजी ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन का आभार जताया। हर तरफ नमाज के बाद सामूहिक दुआओं का दौर चला, जिसमें देश की एकता और अखंडता के लिए प्रार्थना की गई।

## प्रयागराज समाचार

### LPG संकट, होटल-रेस्टोरेंट एसोसिएशन की अपील

**प्रयागराज।** व्यावसायिक एलपीजी गैस की कमी के मद्देनजर प्रयागराज होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण अपील की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों से वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने और गैस का संयमित उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में सभी प्रतिष्ठानों को जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ काम करना होगा ताकि होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की सेवाएं बाधित न हों।हरजिंदर सिंह ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी गैस की मौजूदा कमी से होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। उन्होंने सभी होटल संचालकों, रेस्टोरेंट मालिकों, कैटरर्स और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों से तत्काल प्रभाव से खाना बनाने के लिए वैकल्पिक साधनों को अपनाने का आग्रह किया।

## गाजीपुर समाचार

### डॉ. भीमराव की मूर्ति क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष, पुलिस ने रात में ही कराई मरम्मत



**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर उर्फ साधोपुर गांव में शुक्रवार देर रात अराजक तत्वों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ का पंजा क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। जैसे ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली, प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। हालांकि, मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने वालों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। उधर, लोगों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने देर रात ही कारीगर बुलाकर मूर्ति के हाथ के क्षतिग्रस्त पंजे को ठीक करा दिया। साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जिसने भी इस तरह की हरकत की है, उसका जल्द पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मऊ समाचार

### कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

**मऊ।** रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान अल्लाह की इबादत कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की दुआ मांगी। सबसे ज्यादा भीड़ नगर के शाही कटरा मैदान स्थित शाही मस्जिद में रही। इस दौरान पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी चक्रमण करते हुए मॉनीटरिंग करते नजर आए। नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने जमकर फलों सहित विभिन्न खाद्य सामग्रियों की खरीदारी की। नगर क्षेत्र के शाही मस्जिद, खीरीबाग, रघुनाथपुरा, रौजा, मलिकटोला, औरंगाबाद, मिर्जाहादीपुरा, हट्ठीमदारी, बुलाकीपुरा, डोमनपुरा, धोबिया इमिली सहित जिले की विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों ने रमजान माह के अलविदा जुमा की नमाज अदा की।

## आजमगढ़ समाचार

### छात्र की मौत, परिजन बोले- पैसे के अभाव में डॉक्टरों ने नहीं किया इलाज, शव सड़क पर रख चक्काजाम



**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र में कार चलाना सीखते समय हुई सड़क दुर्घटना में कक्षा नौ के छात्र की मौत से ग्रामीणों में रोष फैल गया। शनिवार सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने मुबारकपुर-सठियांव मुख्य मार्ग पर सेंट्रल बैंक के सामने छात्र का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और आरोपित महिला चालक की गिरफ्तारी तथा अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करीब आधे घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। बताते चलें कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड पर शुक्रवार को कार चलाना सीख रही एक महिला की कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

बाइक पर सवार शिवकुटी नूरपुर बुतात गांव निवासी शिवा पटवा (कक्षा नौ) अपने साथी के साथ गन्ने का जूस लेकर घर लौट रहा था। टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां परिजनों का आरोप है कि पैसे के अभाव में डॉक्टरों ने समय पर इलाज नहीं किया। इलाज में देरी के कारण छात्र की मौत हो गई।

## चंदौली समाचार

### 12 गैस सिलिंडर, रिफिलिंग मशीन और ई-तराजू बरामद

**चंदौली।** काली महाल क्षेत्र स्थित एक घर में शुक्रवार को एसडीएम अनुपम मिश्रा ने छापा मारा। मौके से 12 एलपीजी गैस सिलिंडर, रिफिलिंग मशीन और ई-तराजू बरामद की बरामदगी हुई। हालांकि इस दौरान कोई पकड़ा नहीं गया। पूर्ति विभाग की टीम ने सभी सामान सीज कर दिया। बरामद सभी सिलिंडर इंडेन कंपनी के हैं। टीम ने मौके पर मिले पिकअप को पुलिस को सौंप दिया। मकान मालिक से पूछताछ की जा रही है। पूर्ति निरीक्षक ममता सिंह ने बताया कि मौके से 10 व्यावसायिक, एक घरेलू और एक आठ किलोग्राम का व्यावसायिक सिलिंडर बरामद किया गया है। घरेलू सिलिंडर में दस से 12 किलो गैस भरी हुई थी। अन्य सिलिंडर खाली थे। इस दौरान चार रिफिलिंग मशीन, दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह सामान सरिता देवी के मकान के कमरे से बरामद हुए हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के घर पर छापा, 42 सिलिंडर बरामद



**दोस्तपुर।** बभनैंया पूरब वार्ड के कांशीराम कॉलोनी स्थित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजाराम के आवास पर शुक्रवार की शाम प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। इस दौरान घर से 42 सिलिंडर बरामद हुए।? जिसमें सात भरे व 35 खाली सिलिंडर थे। अधिकारियों ने गैस सिलिंडर को कब्जे में लेकर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कस्बे में सिलिंडर की कालाबाजारी की सूचना पर एसडीएम उत्तम तिवारी, सीओ विनय गौतम की टीम ने यह कार्रवाई की है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के परिजन की एक गैस एजेंसी गोसैसिंहपुर के पास संचालित है। आरोप है कि वहां से लाकर इंडेन कंपनी का सिलिंडर दोस्त-पुर कस्बे में बेचा जा रहा था। एसडीएम ने बताया कि छापे के दौरान मिले 42 सिलिंडरों को थाने में लाकर रखा गया है, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एलपीजी की किल्लत के बीच पुलिस व प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को जयसिंहपुर क्षेत्र की गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों की छापे में सब कुछ सामान्य मिला। उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक सिंह जयसिंहपुर और कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा की टीम ने एजेंसी पहुंचकर घरेलू सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण रजिस्टर, बुकिंग की स्थिति और आपूर्ति प्रक्रिया का जायजा लिया। गैस सिलिंडरों की चल रही मारा-मारी के बीच शुक्रवार को जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने जिले के गैस एजेंसी व पेट्रोप पंप संचालकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीएम ने बताया कि एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंप संचालकों ने भी पर्याप्त पेट्रोल व डीजल मौजूद होने का दावा किया है। कहा कि कालाबाजारी करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस सिलिंडर की किल्लत अब गंभीर समस्या बनती जा रही है। कामर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति ठप होने से शहर के होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट की रसोई ठंडी पड़ने लगी है। कई संचालकों ने काउंटर बंद कर दिए हैं। वहीं, तेरहवीं, भंडारा और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजक भी भोजन व्यवस्था के लिए चिंतित हैं। कारोबारी का-मकाज छोड़कर गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं।

## देवरिया समाचार

### होम डिलीवरी की गाड़ी देख टूट पड़े उपभोक्ता

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत के बीच शुक्रवार को एक अजीब स्थिति तब बन गई जब होम डिलीवरी के लिए जा रही गैस सिलिंडर की गाड़ी को देखकर उपभोक्ता सिलिंडर लेने के लिए दौड़ पड़े। मामला डुमरी चौराहे के पास का है, जहां काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बताया जाता है कि विजयश्री इंडियन गैस एजेंसी की गाड़ी शुक्रवार की सुबह होम डिलीवरी के लिए निकली थी। गाड़ी जैसे ही रामपुर कारखाना थाने के पास पहुंची, वहां मौजूद करीब दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता गैस लेने के लिए गाड़ी की ओर दौड़ पड़े। अचानक भीड़ बढ़ता देख चालक गाड़ी को लेकर एजेंसी की ओर बढ़ने लगा, लेकिन रास्-ते में डुमरी चौराहे पर उपभोक्ताओं ने गाड़ी को रोक लिया।

## गोरखपुर समाचार

### ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंदा, शिक्षिका की मौत- बहन घायल



**गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के निबिहवा रेलवे ओवरब्रिज के पास शनिवार की सुबह करीब 8:15 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गोरखपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने स्कूटी में ठोकर मार दी। इससे स्कूटी पर सवार शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में उसकी बहन घायल हो गई।

हादसे के बाद करीब आधे घंटे तक ओवरब्रिज पर जाम लगा रहा। मृतका की पहचान चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी के टोला रामनगर निवासी श्रेया विश्वकर्मा (24) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, वह फुटहवा इनार स्थित एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। शनिवार की सुबह वह अपनी बहन खुशी (20) के साथ स्कूल जा रहा थी। तभी रास्ते में निबिहवा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक धर्म कांटा के पास गोरखपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने स्कूटी में ठोकर मार दी। इसमें श्रेया की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान गोरखपुर-देवरिया मार्ग करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहा। ट्रक चालक मौके से भाग गया। चौरीचौरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## भदोही समाचार

### जिलाधिकारी ने अनुपस्थित एक्सईएन नलकूप और सिंचाई का वेतन रोका

**ज्ञानपुर।** डीएम शैलेश कुमार ने बृहस्पतिवार की शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने जिले में निर्माणाधीन व निर्मित 85 इंडिकेटर्स की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फरवरी की जारी रैंकिंग में जिले को 16वां स्थान मिला है। डीएम ने अधिशासी अभियंता नलकूप व अधिशासी अभियंता सिंचाई के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन पर जोर देते हुए कहा कि अभी तक जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना ई-ऑफिस लॉगिन सक्रिय नहीं किया है, वह एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## मीरजापुर समाचार

### नवरात्र मेला में ड्यूटीरत अधिकारियो को हो जिम्मेदारी का एहसास, निष्ठा के साथ करे ड्यूटी दायित्वो का करे निर्वहन मण्डलायुक्त



**मीरजापुर।** माँ विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 18/19 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले वासंतिक चैत्र नवरात्र मेला के तैयारियो के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौषिक सहित मेला से सम्बन्धित सभी विभागो/कार्यदायी विभागो के अधिकारियो के साथ बैठक कर बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में मण्डलायुक्त ने अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेला के तैयारी एवं मेला के दौरान ड्यूटीरत अधिकारी अपने जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए पारदर्शिता व निष्ठा के साथ देवी धाम में अपने दायित्वो का निर्वहन करे।

उन्होंने कहा प्रत्येक विभागीय अधिकारी मेला के कार्य हेतु कम से कम एक राजपत्रित अधिकारी को मेला नोडल अधिकारी के रूप में बनाया जाए जो उस विभाग से सम्बन्धित अधिकारियो/ कार्मिको से समन्वय बनाते हुए मेला क्षेत्र में सकुशल कार्य सम्पन्न कराए। उन्होंने कहा कि नव निर्मित पीपा पुल के दोनो तरफ मजबूत बैरीकेटिंग के साथ 04 फीट की ऊचाई तक जाली लगाया जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्यो को अधिक 17 मार्च 2026 तक षत प्रतिशत पूर्ण करा ले 17 मार्च 2026 के 03 बजे उनके द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो के साथ भ्रमण कर निरीक्षण किया जाएगा, कार्य पूर्ण न करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने मेला की तैयारी समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र मे पार्किंग व्यवस्था के लिए दिए गए टेण्डर के पश्चात ठेकेदार व पार्किंग में कार्यरत कर्मचारियो का सत्यापन करा लिया जाए यदि उसके विरूद्ध कोई अपराधिक इतिहास रहा हो तो ऐसे व्यक्ति को पार्किंग का ठेका न दिया जाए।

## सोनभद्र समाचार

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत फार्मों की सुपर चेकिंग के सम्बन्ध में मंडलायुक्त विन्ध्याचल ने की बैठक




**सोनभद्र।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलायुक्त विन्ध्याचंल/रोल ऑब्जर्वर श्रीराजेश प्रकाश द्वारा तहसील रॉबर्ट्सगंज, ओबरा एवं दुद्धी के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान फार्मों की सुपर चेकिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से फॉर्म-6 से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंडलायुक्त ने बताया कि कई स्थानों पर प्रस्तर फॉर्म-6 के अंतर्गत अपलोड किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने की स्थिति सामने आई है इस सम्बन्ध में निर्देश दिये कि बिना पर्याप्त कारण के किसी भी आवेदन को निरस्त न किया जाए उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा किए गए संशोधन, स्थानांतरण अथवा अन्य आवश्यक परिवर्तनों से संबंधित आवेदनों का निष्पक्षता और गंभीरता के साथ परीक्षण किया जाए, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। साथ ही संबंधित तहसीलों के बी0आर0सी0 को निर्देशित किया गया कि फॉर्म-6 के लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें, जिससे मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके।

## बलिया समाचार

### 374 मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा के बीच अलविदा की नमाज अदा की



**बलिया।** पवित्र माह रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा) की नमाज शुक्रवार को पूरे जनपद में बेहद अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। जिले की कुल 374 मस्जिदों में हजारों की संख्या में रोजेदारों ने नमाज पढ़कर देश में खुशहाली, भाईचारे और अमन-चैन की दुआ मांगी। रमजान के इस विदाई जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शहर की जामा मस्जिद और विशुनीपुर मस्जिद समेत संवेदनशील इलाकों में एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर और कोतवाल क्षितिज त्रिपाठी ने खुद मोर्चा संभाला। पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2 एएसपी, 15 इंस्पेक्टर, 125 सब इंस्पेक्टर, 392 कांस्टेबल के साथ पीएसी और फायर ब्रिगेड की टीमें तैनात रहीं। अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। सिकंदरपुर कस्बे में भी अलविदा की नमाज पूरी सादगी और सौहार्द के साथ संपन्न हुई। एसडीएम सुनील कुमार और क्षेत्राधिकारी रजनीश यादव के नेतृत्व में पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा। शाही मस्जिद और अन्य इबादतगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद इमामों ने ईद-उल-फितर की नमाज के समय की घोषणा की। सिकंदरपुर शाही मस्जिद में सुबह 8:00 बजे और ईदगाह में सुबह 9:00 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के बाद सभी अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और शांतिपूर्ण ढंग से अपने घरों को लौटे। नगर के विशुनीपुर स्थित जामा मस्जिद के मौलाना असरफ रज्जा ने बताया कि अलविदा जुमा की नमाज मस्जिद में जगह के अभाव के चलते दो बार पढ़ी गई। उन्होंने कहा कि रोजेदार खुशनसीब हैं। उनके लिए रोज जन्नत सजाई जाती है।

रोजेदार की मगफिरत के लिए दरिया की मछलियां दुआ करती हैं। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण का जरिया है। असल रोजा तो वह है जब हाथ उठे तो भलाई के लिए, कान सुने तो नेकी के लिए, आंख देखें तो जायज चीजों को। सुबह रोजेदारों ने सहरी खाई।

---

चैत्र नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि को सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। अष्टमी को महाष्टमी कहा जाता है और इस दिन माता दुर्गा के आठवें स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन और विशेष पूजा-अर्चना का विधान भी है। आइए जानते हैं वर्ष 2026 में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी कब है, इसका शुभ मुहूर्त क्या है और इसका धार्मिक महत्व क्या माना जाता है।

**चैत्र नवरात्रि 2026 कब से कब तक**

हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च 2026 तक चलेगी। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार




चैत्र नवरात्रि से ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी मानी जाती है। इन दिनों में श्रद्धालु व्रत रखते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस दौरान देवी दुर्गा पृथ्वी लोक पर आकर अपने भक्तों के दुख दूर करती हैं।

**चैत्र नवरात्रि अष्टमी 2026 तिथि और शुभ मुहूर्त**

वर्ष 2026 में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि का समय इस प्रकार रहेगाः

**अष्टमी तिथि शुरूः** 25 मार्च 2026, दोपहर 01:50 बजे

**अष्टमी तिथि समाप्तः** 26 मार्च 2026, सुबह 11:48 बजे

अष्टमी के दिन ही कई स्थानों पर कन्या पूजन (कंजक) और हवन किया जाता है।

## लाइफ मंत्र

### नवरात्रि का आठवां दिन है सबसे खास जानें, महाष्टमी पर क्यों किया जाता है कन्या पूजन

**क्यों खास होती है नवरात्रि की अष्टमी**


नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी की पूजा की जाती है। माता महागौरी को शांति, पवित्रता और मातृत्व की देवी माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि उनकी पूजा से भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है और जीवन के भय व संकट दूर होते हैं।

माता महागौरी को अन्नपूर्णा स्वरूप भी माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर भोजन करवाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां दुर्गा ने चंड और मुंड नामक राक्षसों का वध किया था, इसलिए इस तिथि को अत्यंत शुभ और शक्तिशाली माना जाता है।

**अष्टमी तिथि का धार्मिक महत्व**

हिंदू धर्मग्रंथों जैसे देवी भागवत पुराण और मार्कंडेय पुराण में नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथि को विशेष फलदायी बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से माता दुर्गा की पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। भय और नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। घर में सुख-समृद्धि आती है। इसी वजह से भक्त नवरात्रि की अष्टमी को विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं।

## इम्तियाज अली ने फिर जगाया पुराने दौर का रोमांस, वेदांग-शर्वरी की जोड़ी और दिलजीत की आवाज ने जीता दिल



शुक्रवार को कई पोस्टर शेयर करने के बाद, मेकर्स ने दोपहर 1:00 बजे फ़िल्म का टीज़र भी शेयर किया। फ़िल्म के इस पहले वीडियो में कलाकारों से परिचय कराया गया है, और बैकग्राउंड में दिलजीत का गाना 'मैं वापस आऊंगा' के टीज़र की जान है। फिल्म निर्माता इम्तियाज अली, जो अपनी गहरी और रूहानी प्रेम कहानियों के लिए जाने जाते हैं, एक बार फिर दर्शकों को पुरानी यादों (Nostalgia) के सफर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को उनकी अगली फिल्म 'Main Vaapas Aaunga' के पोस्टर रिलीज करने के बाद, मेकर्स ने दोपहर 1:00 बजे फिल्म का शानदार टीजर जारी कर दिया है।

**विभाजन की पृष्ठभूमि और इंटरनेट का जादू**

फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान विभाजन के इर्द-गिर्द बुनी गई एक 'क्रॉस-बॉर्डर' लव स्टोरी लगती है। टीजर से जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसारः

नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैनाः ऐसा प्रतीत होता है कि वेदांग रैना, दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के युवा अवतार की भूमिका निभा रहे हैं।

**शर्वरी वाघः** शर्वरी उस दौर की प्रेमिका के रूप में नजर आ रही हैं, जिससे जुदाई की कहानी फिल्म का केंद्र है। दिलजीत दोसांझ का किरदारः टीजर में दिलजीत एक 'यूयूबर' की भूमिका में लग रहे हैं, जो इंटरनेट और सोशल मीडिया की ताकत से नसीरुद्दीन शाह को उनके पुराने प्यार से मिलाने की कोशिश करता है।

**'मैं वापस आऊंगा' का टीज़र अब रिलीज़ हो गया है**

शुक्रवार को कई पोस्टर शेयर करने के बाद, मेकर्स ने दोपहर 1:00 बजे फ़िल्म का टीज़र भी शेयर किया। फ़िल्म के इस पहले वीडियो में कलाकारों से परिचय कराया गया है, और बैकग्राउंड में दिलजीत का गाना 'मैं वापस आऊंगा' के टीज़र की जान है। इसके अलावा, ऐसा भी लगता है कि वेदांग रैना फ़िल्म में नसीरुद्दीन शाह के जवानी के दिनों का किरदार निभाएंगे, और शरवरी उनकी जवानी की प्रेमिका का किरदार निभाएंगी। साथ ही, दिलजीत एक यूट्यूबर की भूमिका में नज़र आ रहे हैं, जो इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद से शाह को उनकी पुरानी प्रेमिका से मिलाने की कोशिश करते हैं। हालाँकि ये सब अभी सिर्फ़ अंदाज़े हैं, इन अंदाज़ों की पुष्टि के लिए हमें फ़िल्म के ट्रेलर और फ़िल्म के रिलीज़ होने का इंतज़ार करना होगा।

**दिलजीत और इम्तियाज़ का दूसरा साथ**

यह बात ध्यान देने लायक है कि 'मैं वापस आऊंगा' दिलजीत दोसांझ और फ़िल्ममेकर इम्तियाज़ अली का दूसरा साथ है। इससे पहले उन्होंने नेटफ़्लिक्स की फ़िल्म 'अमर सिंह चमकीला' में साथ काम किया था। इस फ़िल्म में परिणीति चोपड़ा भी थीं, और इसे एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया था, साथ ही इसने भारत में कई अवॉर्ड भी जीते थे। हालाँकि, इस बार दिलजीत एक सहायक भूमिका में नज़र आएंगे।

**'मैं वापस आऊंगा' के कलाकार और मेकर्स**

'मैं वापस आऊंगा' में मुख्य कलाकारों के तौर पर दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी शामिल हैं। Applause Entertainment की इस फ़िल्म का निर्देशन इम्तियाज़ अली ने किया है, जबकि संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। इस फ़िल्म का निर्माण Window Seat Films और मोहित चौधरी ने भी किया है।



## 38 साल का Career, 22 Superhit फिल्में, Aamir Khan की अविश्वसनीय सक्सेस स्टोरी

**बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान आज यानी की 14 मार्च को अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। आमिर खान को बॉलीवुड का 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' भी कहा जाता है। अभिनेता ने अपने 38 साल के फिल्मी करियर में करीब 22 सफल फिल्में दी हैं।**

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान आज यानी की 14 मार्च को अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। आमिर खान को बॉलीवुड का 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' भी कहा जाता है।

अभिनेता ने अपने 38 साल के फिल्मी करियर में करीब 22 सफल फिल्में दी हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा मुकाम हासिल किया है। वहीं अभिनेता की फिल्मों को भी काफी पसंद किया जाता है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अभिनेता आमिर खान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

मुंबई में 14 मार्च 1965 को आमिर खान का जन्म हुआ था। वह फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता का नाम ताहिर हुसैन था, जोकि एक फिल्म निर्माता थे। फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बाद भी आमिर की फैमिली नहीं चाहती थी कि वह फिल्मों में आएं। साल 1973 में आमिर खान ने बतौर बाल कलाकार फिल्म 'यादों की द्बारात' में काम किया था।

**बॉलीवुड में एंट्री**

साल 1988 में अभिनेता आमिर खान ने फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। शुरूआती दौर में ही आमिर खान ने अपने अभिनय से लोगों का ध्यान खींच लिया था। समय के साथ आमिर ने खुद को ऐसे अभिनेता के रूप में साबित कर दिखाया, जो सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि अच्छी कहानियों वाली फिल्मों को भी महत्व देता है। यही वजह है कि आज 38 साल बाद भी आमिर खान का नाम फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित और भरोसेमंद कलाकारों में लिया जाता है।


**22 हिट फिल्में**

अभिनेता के फिल्मी करियर की बात करें, तो उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया है। आमिर खान की करीब 22 फिल्में ऐसी रहीं, जिससे उनको बड़ी सफलता मिली। इन फिल्मों में आमिर खान ने हर बार कुछ नया करने की कोशिश की है। फिर चाहे वह सामाजिक मुद्दा हो, गंभीर भूमिका या रोमांटिक किरदार हो। आमिर खान अपने किरदार में पूरी तरह से ढल जाते हैं। यही कारण है कि दर्शक भी आमिर खान की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

**फिल्में**

अपने 30 से ज्यादा सालों के फिल्मी करियर में अभिनेता आमिर खान ने 'कयामत से कयामत तक', 'लगान', 'दिल', '3 इडियट्स', 'पीके', 'दंगल', 'राजा हिंदुस्तानी', 'तारे जमीन पर' और 'दिल चाहता है' जैसी फिल्मों में काम किया है।

## कभी Tabu के कपड़े किए प्रेस, आज हैं Bollywood के सबसे सफल Director



14 मार्च को फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज के समय में रोहित शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं। रोहित की असल जिंदगी की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है।

भारतीय फिल्म निर्माता, पटकथा लेखक, स्टंटमैन, निर्माता और टेलीविजन व्यक्तित्व रोहित शेट्टी 14 मार्च को अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित शेट्टी ने छोटे-छोटे कदमों से शुरूआत की थी। आज के समय में रोहित शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं। रोहित की असल जिंदगी की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर रोहित शेट्टी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

मुंबई में 14 मार्च 1974 को रोहित शेट्टी का जन्म हुआ था। उनका बचपन मुश्किलों से भरा था। रोहित शेट्टी के पिता का नाम एमबी शेट्टी था, जोकि एक स्टंटमैन थे। वहीं उनकी मां का नाम रत्ना शेट्टी था, जोकि फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करती थीं। जब रोहित 5 साल के थे, तो उनके पिता की मृत्यु हो गई और परिवार में आर्थिक समस्या पैदा हो गई। ऐसे में रोहित ने कम उम्र से काम करना शुरूकर दिया।

**असिस्टेंट डायरेक्टर**

17 साल की उम्र में रोहित शेट्टी फिल्म 'फूल और कांटे' के असिस्टेंट डायरेक्टर थे। इसके बाद फिल्म 'सुहाग' में वह अक्षय कुमार के स्टंट डबल बने और फिल्म 'हकीकत' में एक्ट्रेस तब्बू के कपड़े प्रेस करने जैसे काम किए। रोहित शेट्टी की पहली कमाई सिर्फ 35 रुपए थी।

**चुनौतीपूर्ण थी शुरूआत**

रोहित शेट्टी की राह आसान नहीं थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि शुरूआती दिनों में उनको खाने और बस के किराए में से किसी एक को चुनना पड़ता था। कई बार उनको भूखे भी रहना पड़ता था। लेकिन इन मुश्किलों ने उन्हें कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाया। आज रोहित शेट्टी की फिल्में उनकी मेहनत, संघर्ष और जुनून की मिसाल हैं।

**करोड़ों की संपत्ति के मालिक**

बॉलीवुड में रोहित शेट्टी को आज के समय में एक्शन फिल्मों का बेताज बादशाह कहा जाता है। फिल्मों में जब गाड़ियां उड़ती हैं, धमाके होते हैं तो दर्शक तालियां बजाते हैं। रोहित 'गोलमाल फ्रेंचाइजी' और 'चेन्नई एक्सप्रेस' जैसी बेहतरीन पारिवारिक कॉमेडी फिल्में भी बनाते हैं। वह हर साल 38 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करते हैं।

साल 2024 के आंकड़ों के मुताबिक रोहित की कुल संपत्ति 336 करोड़ रुपए आंकी गई थी।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682